# इसुज़ु समूह मानवाधिकार नीति

हम, इसुज़ु समूह, अपने निगम दर्शन (कॉर्पोरेट फिलॉसोफी) “इसुज़ु आईडी" में निर्धारित उद्देश्य, दृष्टिकोण और लक्ष्य को साकार करने के लिए अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों के समाधान पर काम कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि इस गतिविधि का आधार प्रत्येक व्यक्ति के मानवाधिकारों का सम्मान है।

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों के अनुरूप, हम मानवाधिकारों के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देकर और अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में मानवाधिकारों के सिद्धांतों को कायम रखते हुए मानवाधिकारों का सम्मान करने के अपने दायित्व को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसुजु समूह की मानवाधिकार नीति (तत्पश्चात इसे "यह नीति" के रूप में संदर्भित किया गया) को इसुज़ु मोटर्स के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

**लागू करने का दायरा-**

1. यह नीति इसुज़ु समूह के व्यवसाय में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और अस्थायी श्रमिकों (तत्पश्चात अधिकारियों और कर्मचारियों के रूप में संदर्भित) पर लागू होती है।
2. हम इस नीति को अपने व्यापारिक एवं व्यावसायिक भागीदारों के साथ साझा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे इसके सिद्धांतों को समझेंगे और इसका समर्थन करेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों, कानूनों एवं विनियमों और इसुजु समूह की आचार संहिता का पालन-**

1. हम मानवाधिकारों के हनन को अनदेखा न करके और अपनी व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े मानवाधिकारों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर उचित प्रतिक्रिया देकर, मानवाधिकारों का सम्मान करने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
2. हम अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों (मानवाधिकारों के अंतरराष्ट्रीय विधेयक, कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की घोषणा, व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों सहित) का समर्थन और सम्मान करेंगे और सक्रिय रूप से इन मानदंडों के अनुसार पहल करेंगे।
3. हम उन देशों और क्षेत्रों के कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे जिनमें हम व्यवसाय करते हैं। ऐसे मामलों में जहां अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों और स्थानीय कानूनों और विनियमों के मध्य प्रतिकूलता है, हम स्थानीय कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों का पालन करने की पद्धति का पता लगाएंगे।

**मानवाधिकार प्रबंधन प्रणाली और मानवाधिकार सम्यक् तत्परता (ड्यू डिलिजेंस)-**

1. हम अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को विधिपूर्वक और लगातार बढ़ावा देने और मानवाधिकारों से संबंधित मुद्दों का सक्रिय रूप से समाधान करने के लिए एक प्रणाली लागू करेंगे।
2. हम मानवाधिकारों पर नकारात्मक प्रभाव की पहचान करने, मूल्यांकन करने, रोकने और कम करने की प्रक्रियाएं (मानवाधिकार सम्यक् तत्परता / ड्यू डिलिजेंस) विकसित करेंगे और इसमें सुधार करने के लिए इसकी प्रभावशीलता का लगातार आकलन करेंगे।
3. हम मानवाधिकारों पर नकारात्मक प्रभावों को सक्रिय रूप से रोकेंगे। इसके अलावा, यदि हमारी किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के कारण ऐसे नकारात्मक प्रभाव पड़ने या योगदान देने की पुष्टि होती है, तो हम ऐसी स्थिति को सुधारने और उसके उपचार के लिए तुरंत उचित उपाय करेंगे।
4. हम इसुज़ु समूह के कर्मचारियों को आगे आने और मानवाधिकारों के बारे में अपनी समस्याओं को व्यक्त करने के विभिन्न माध्यम प्रदान करेंगे। मानवाधिकारों के संबंध में हितधारकों की समस्याओं को समय पर पहचानने और उनका समाधान करने के लिए, हम एक प्रभावी सूचना और शिकायत प्रबंधन प्रणाली स्थापित करेंगे।

**शिक्षा-**

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम अपने व्यवसाय संचालन में जो कार्यकलाप करते हैं वह इस नीति के अनुरूप है, हम अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार उचित प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करेंगे।

**संवाद एवं चर्चा/सूचना प्रकटीकरण-**

1. संबंधित हितधारकों के साथ संवाद और चर्चा बनाए रखने के अतिरिक्त, हम इस नीति में निर्धारित प्रक्रिया शुरू करते समय स्वतंत्र और बाहरी विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए मानवाधिकारों की जानकारी का लाभ उठाएंगे।
2. हम नियमित रूप से अपने मानवाधिकार प्रयासों के विवरण और परिणामों की जानकारी देते रहेंगे।

25 फरवरी, 2022 स्थापित

22 दिसंबर, 2023 को संशोधित

इसुज़ु मोटर्स लिमिटेड

प्रतिनिधि निदेशक, अध्यक्ष और सीओओ

शिंसुके मिनामी